भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **819**
दिनांक 21 नवम्बर , 2019 / 30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान की आपात-लैंडिंग

819. श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोवा से दिल्ली जाने वाले एक 'इंडिगो' विमान ने इंजन की खराबी के कारण अक्तूबर, 2019 के पहले सप्ताह में गोवा के डबोलिम हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) डीजीसीए द्वारा निजी विमान कंपनियों के विमानों की उड़ान-योग्य होने संबंधी जांच करने और यात्रियों को किसी अप्रिय घटना से बचाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) दिनांक 29.09.2019 को, मेसर्स इंडिगो को उड़ान संख्या 6E-336 (गोवा -दिल्ली) के प्रचालन के दौरान इंजन (इंजन नं. 1) की खराबी का अनुभव हुआ। उड़ान भरने के दौरान इंजन को कठिनाई का सामना करना पड़ा। चालक दल ने प्रभावित इंजन को बंद कर दिया और प्राथमिक लैंडिंग के लिए अनुरोध किया। विमान गोवा में वापस लैण्ड कर गया और आगे निरीक्षण करने के लिए इसे उड़ान भरने से रोक दिया गया। प्रभावित इंजन के प्रतिस्थापन के बाद विमान को आगे की उड़ान के लिए भेज दिया गया।

(ख) विमान के निर्माता, जो ऑपरेटर के अनुमोदित रखरखाव कार्यक्रम का हिस्सा होते हैं, द्वारा प्रदान की गई विस्तृत प्रक्रियाओं / दिशानिदेशों और समयसीमा के अनुसार विमान का रखरखाव किया जाता है। इस प्रकार अनुमोदित रखरखाव कार्यक्रम का लगातार पालन करते हुए विमान को उड़नयोग्य स्थिति में बनाए रखा जाता है। जब भी, किसी विमान में प्रचालन के दौरान तकनीकी कठिनाइयों का अनुभव होता है, तो विमान के प्रचालन के लिए अनुमति जारी करने से पहले तकनीकी कमियों को विमान निर्माता के दिशानिदेशों के आधार पर ठीक किया जाता है।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यह सुनिश्चित करने के लिए कि विमान निर्माता के निदेशों का अनुपालन ठीक से हो रहा है, नियमित अंतराल पर विमान सेवाओं की निगरानी / स्पॉट जांच करता है। उल्लंघन होने की स्थिति में, चूक के लिए जिम्मेवार संगठन / कर्मियों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है।

*****